# मौसम में घुली ठण्डक तो मतदाताओं के उत्साह में बढ़ोत्तरी हुई, मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**छबड़ा** (निसं)। लोकसभा चुनाव के तहत छबड़ा विधानसभा क्षेत्र में षुक्रवार को मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई। सुबह 7 बजे से ही मतदाता उत्साहपूर्वक मतदान केंद्रों पर पहुंच गए और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दिनभर मौसम मतदाताओं के अनुकूल रहा। हालांकि बीच-बीच में रिमझिम व तेज बारिष से कुछ समय के लिए मतदान धीमा रहा। बारिश रूकने के साथ ही मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।

छबड़ा-छीपाबड़ौद विधानसभा क्षेत्र में बने 265 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी। सुबह 9 बजे तक क्षेत्र में 14 प्रतिशत, 11 बजे 28 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 44 प्रतिशत, 3 बजे तक 56.20, शाम 5 बजे तक 65.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

वही, कई मतदान बूथों पर मतदान काफी धीमा रहा। जिसमें कोटडापार मतदान केंद्र पर धीमा मतदान होने पर मतदाताओं को खासी परेषानी उठानी पड़ी। मौके पर पहुंचे विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने मतदान केंद्र का जायजा लिया और सेक्टर मजिस्ट्रेट को बुलाकर मतदान की गति में सुधार करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पर पुराना चौराहे पर कुछ लोगो को पुलिस की सख्ती का भी सामना करना पड़ा। तहसीलदार अभिषेक पारीक की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। सभी मतदान केंद्रों पर सरलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ।

कुछ केंद्रों पर मतदाताओं की कतार देखने को मिली। तो अधिकांष केंद्रों पर मतदाताओं को मतदान के लिए इंतजार नहीं करना पड़ा। भाजपा प्रत्याशी दुष्यंतसिंह ने भी छबड़ा पहुंचकर मतदान केंद्रो की व्यवस्थाएं देखी और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदान करवाने के निर्देश दिए।

इस चुनाव में कई वृद्धजन भी मतदान करने पहुंचे तो नव मतदाताओं ने पहली बार मतदान कर अपनी खुशी जाहिर की। मतदान केंद्रो के बाहर दोनो दलो के समर्थक मतदान करने आ रहे मतदाताओ से मनुहार करते रहे। साथ ही, मतदान के प्रति दिव्यांगों में भी गज़ब कब उत्साह देखने को मिला।

कस्बे के अलीगंज मोहल्ला निवासी नेत्रहीन युवक नजमल फिरोज़ ने अपने भाई अकमल फिरोज़ के साथ मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया तथा बाहरी गांव निवासी 42 वर्षीय नेत्रहीन मुरली प्रसाद ने भी मतदान क्रिया। साथ ही कोटरापार गांव निवासी नेत्रहीन 80 वर्शीय महिला भंवरी बाई ने अपने पति श्यामलाल के साथ मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया।


छबड़ा स्थित गर्ल्स स्कूल में बने मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कतारें लगी।

# बून्दी जिले में 66.04 प्रतिशत औसत मतदान हुआ

बून्दी लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तहत जिले के समस्त तीन विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को औसत मतदान 66.04 प्रतिशत हुआ।

नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार सायं 6 बजे तक जिले के हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 58.27 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 68.35 प्रतिशत तथा बून्दी विधानसभा क्षेत्र में 71.50 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने जिले में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान जिले की बूंदी, केशोरायपाटन व हिंडोली विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिले के मतदाताओं, अभ्यर्थियों, उनके समर्थकों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों का जिला प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया है। मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्मिकों खासकर महिला कार्मिकों जिन्होंने महिला बूथों का सफल संचालन किया एवं मतदान व्यवस्थाओं से जुड़े सभी कर्मचारियों व अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तहत बूंदी जिले में सुबह 9 बजे तक 12.78 प्रतिशत मतदान हुआ। हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 12.03 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 12.83 प्रतिशत तथा बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 13.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसी तरह सुबह 11 बजे तक 26.43 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 23.37 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 27.40 प्रतिशत व बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 28.53 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया।

दोपहर 1 बजे तक 40.35 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके तहत हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 35.51 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 42.27 प्रतिशत तथा बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 43.28 मतदान दर्ज हुआ। अपरान्ह 3 बजे तक जिले में 51.16 प्रतिशत मतदान हुआ। हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 44.59 प्रतिशत मतदान, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 54 प्रतिशत व बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 54.9 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। इसी तरह शाम 5 बजे तक 61.25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके तहत हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 52.98 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 64.35 प्रतिशत तथा बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 66.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

बूंदी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 77 पर दोपहर साढ़े बारह बजे तक 1186 में से 392 मतदाता मतदान कर चुके थे। इसी तरह दोपहर एक बजे तक तालेड़ा के बूथ संख्या 233 पर 1165 में से 448, गोविंदपुर बावड़ी के बूथ संख्या 279 पर 1.30 बजे तक 810 में से 420, दोपहर 2 बजे तक जाखमुंड के बूथ संख्या 289 पर 902 में से 439, बूथ संख्या 290 पर 1327 में से 596 तथा दोपहर ढाई बजे तक रामगंज बालाजी के बूथ संख्या 111 पर 1117 में से 523 मतदाता मतदान कर चुके थे।

# मतदान के लिए बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं एवं युवाओं में उत्साह दिखा

- **सभी मतदान केन्द्रों पर आमजन के लिए मूलभूत सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था की**

**झालावाड़** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। रिटर्निंग अधिकारी झालावाड़-बारां (जिला निर्वाचन अधिकारी, झालावाड़) अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साह के साथ बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग किया।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र झालरापाटन के स्काउट गाइड कार्यालय झालावाड़ में गागरोन किले की थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया। आदर्श मतदान केन्द्र पर एक बुजुर्ग मतदाता ने अपनी पत्नी एवं दो बेटों एवं उनकी पत्नियों के साथ सपरिवार वोट डाला, वहीं युवा मतदाता तन्मया शर्मा ने अपना वोट डालकर सभी युवाओं से मतदान करके लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि झालरापाटन शहर में ट्रान्सजेन्डर मतदाता मंजू आपा ने अपने मत का उपयोग करते हुए आमजन से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। झालावाड़ शहर में जी मेहमी स्टेडियम पुलिस परेड ग्राउण्ड में दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया जहां एक ही परिवार की सास एवं बहुओं ने एक साथ मताधिकार का उपयोग किया।

इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना के बल्देवपुरा पोलिंग बूथ में नव विवाहित दूल्हा-दुल्हन ने मतदान किया। वहीं झालावाड़ शहर में नगमा ने अपने निकाह से पूर्व मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान किया।

जिले में 32 महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाए गए जहां महिला मतदानकर्मियों ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए बिना किसी परेशानी के शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न करवाया। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्काउट, गाइड ने सहयोग करते हुए बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर की सहायता से मतदान केन्द्र के अन्दर तक पहुंचाने में मदद की। सभी मतदान केन्द्रों पर आमजन के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था की गई। साथ ही प्रथम बार मतदान करने वाले नव मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# बालाजी की ध्वजा फेरी आज

**रावतभाटा**, (निसं)। रावतभाटा नगर में शनिवार को सांय 4 बजे श्री बालाजी ध्वजा फेरी के द्वारा श्री हनुमान जी महाराज की ध्वजा नगर में निकाली जाएगी। जिसमें श्री महाकाल की झांकी, श्री हनुमान जी की झांकी रहेगी। शोभायात्रा चारभुजा, झालरबावड़ी के संस्कृत विद्यालय के सामने से प्रारम्भ होगी।

जो नगर के प्रमुख मार्गो चारभुजा, झालर बावडी, प्रतापनगर, एन.टी.सी., .एस.एल. गेट, हैवी वाटर गेट, डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्किल, फेज-2, बस स्टैंड, प्रताप सर्किल सिनेमा चौराहा, थाने के समीप, प्रताप मार्केट, चेतक मार्केट, अहिंसा सर्किल, कोटा बैरियर, नगर पालिका रावतभाटा के समीप श्री महापालेश्वर मंदिर से होते हुए बाडोलिया मंदिर पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा ढोल व अखाड़ा के साथ निकाली जायेगी।

# पहले मतदान बाद में कन्यादान किया

**झालावाड़** (निसं)। मतदान के दिन झालावाड़ बारां लोकसभा क्षेत्र में ओल्ड ब्लाक स्कूल में लगे एक बूथ सं. 14 में वोट की ताकत का एक बेहद सुखनुमा नजारा नजर आया।

'पहले मतदान बाद में कन्यादान' गीत गाते हुए महिलाएं पुरूष एक नई दुल्हन को वोट डलाने के लिए लेकर आए, वार्ड पार्षद फारूख अहमद ने बताया कि उनके क्षेत्र की निवासी नगमा बी पुत्री अब्दुल रशीद उम्र 18 वर्ष का निकाह शनिवार को होना है।

उसके एक दिन पूर्व मतदान के लिये नई दुल्हन नगमा बी ने अपना पहला वोट दिया तथा उसका इस बूथ पर अन्तिम वोट भी है। क्योंकि निकाह के बाद वह उत्तर प्रदेश चली जाएगी। नगमा बी का कहना है कि सभी मतदाता अपना वोट अवश्य करें। उसको पहला वोट डालते हुए बड़ी खुशी महसूस हुई है।


झालावाड़ में महिला-पुरूष एक नई दुल्हन को वोट डलाने के लिए लेकर आए।

नगमा भी अपना वोट डालने के लिए अपने परिवार की महिलाएं उसकी माँ सहित उसके परिवार की शबनम, नफीस शेख, ओम पाठक, गजेन्द्र गुर्जर, इरफान, उसके पिता अब्दुल रशीद उसके साथ 'पहले मतदान बाद में कन्यादान' का गीत गाते हुए मतदान केन्द्र सं. 14 में पहुंचकर उसका वोट डलवाया।

# लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

- **रिटर्निंग अधिकारी ने मतदाताओं का आभार जताया**
- **लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां में हुआ करीब 68.72 प्रतिशत मतदान**

**झालावाड़** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां के लिए शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। रिटर्निंग अधिकारी झालावाड़-बारां (जिला निर्वाचन अधिकारी, झालावाड़) अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र में करीब 68.72 प्रतिशत मतदान हुआ।

**विधानसभावार यह रहा मतदान प्रतिशत:-** रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र डग में करीब 70.05 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र खानपुर में 68.00 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना में 70.07 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र झालरापाटन में 65.98 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं बारां जिले के विधानसभा क्षेत्र अन्ता में 69.12 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र बारां-अटरू में 69.72 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र किशनगंज में 69.20 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र छबड़ा में करीब 68.05 प्रतिशत मतदान हुआ।


**शांतिपूर्ण मतदान के लिए जताया आभार:-** रिटर्निंग अधिकारी अजय सिंह राठौड एवं जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और निर्वाचन कार्य से जुड़े समस्त कार्मिकों का आभार जताया है, जिनकी कर्तव्य परायणता और समर्पण की भावना से लोकसभा चुनाव-2024 सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

# युवक ने शराब की दुकान के पीछे फांसी लगाई, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**बून्दी** (निसं)। बूंदी जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र के बरुन्धन कस्बे में शुक्रवार को एक युवक ने शराब की दुकान के पीछे टीनशेड के पाइप से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

बरुंधन से नमाना रोड की और जाने वाली सड़क के किनारे लगे शराब की दुकान पर राहगीरों ने युवक को लटका देख गांव में सूचना दी जिस पर ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तालेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शराब की दुकान के पीछे टीनशेड के पाइप से कपड़े की साफी से लटके रामचरण मीना (45) पुत्र चोथमल के शव को गांव के लोगो की सहायता से नीचे उतारा और जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों को रामचरण द्वारा आत्महत्या करने पर भरोसा नहीं हो रहा है।

उन्होंने हत्या करने की संभावना जताई है। फांसी पर लटके युवक के सिर पर एक और दूसरी साफी बंधी हुई थी। दोनों पैर जमीन से हल्के से उठे हुए थे। पैरो में चप्पल पहन रखी थी। मुंह खुला हुआ था। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक तरुण कांत सोमानी अधिकारी तालेड़ा थाना अधिकारी रामेश्वर जाट मय जाब्ता मौजूद रहे।


तालेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शराब की दुकान के पीछे जांच की।

**परिजनों ने हत्या की आशंका जताई:-** रामचरण के द्वारा आत्महत्या करने की परिजनों को हजम नहीं हो रही है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह आत्महत्या नहीं कर सकता उसकी किसी ने हत्या कर लटकाया गया है। उन्होंने शराब की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने की मांग की है। लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते शराब की दुकान को सील कर रखा है।

हत्या की आशंका जताने पर मौके पर पहुंचे पुलिस उप अधीक्षक तरुण कांत सोमानी व थानाधिकारी रामेश्वर जाट ने घटना की जानकारी ली है। तथा निष्पक्ष रूप से जांच करने का परिजनों को भरोसा दिलाया है। शराब की दुकान पर पुलिसकर्मी लगाए गए हैं तथा परिजनों का एक ताला शराब की दुकान पर लगाया गया है। मतदान समाप्त होने पर शराब की दुकान की सील तोड़कर सीसीटीवी कैमरे की जांच की जाएगी।

**घर से चार दिन से था गायब:-** पुलिस को परिजनों ने बताया कि वह 22 अप्रैल को घर से मोटरसाइकिल लेकर निकल गया था उसके बाद उसी दिन नमाना रोड पर शराब की दुकान के पास मोटरसाइकिल होने की जानकारी मृतक के पुत्र दीपक को मिलने पर मोटरसाइकिल लेकर आया था जब से मृतक की तलाश परिजन कर रहे थे। मृतक रामचरण के परिवार में उसके तीन पुत्रियां और एक पुत्र है। जिसमें एक पुत्री का विवाह हो गया है।

# बूंदी में लोकतंत्र के पर्व पर उल्लास एवं उत्साह दिखा

- **बारात जाने से पहले दूल्हे ने मतदान किया**

**बून्दी** (निसं)। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान दिवस 26 अप्रैल को बूंदी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों हिंडोली, केशोरायपाटन एवं बून्दी में मतदाताओं ने अपार उत्साह दिखाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान दिवस पर सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की कतारें लगना शुरू हो गई जो शाम 6 बजे तक नजर आई।

जिले में लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदान प्रात 7 से शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक जारी रहा। मतदान के तय समय बाद भी जो मतदाता मतदान केन्द्र में मौजूद रहे उन्हें मतदान का अवसर दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के केंद्रीय डॉ. एन. वेंकटाचलम, पर्यवेक्षकों, जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया पर निगरानी रखी तथा पूरे दिन जिले के तीनों मतदान केंद्रों की जानकारी लेते रहे।

लोकसभा आम चुनाव में जिला प्रशासन ने दिव्यांगजनों के लिए व्यवस्थाएं की। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी बूथों पर रैंप, सारथी, आदि की व्यवस्थाएं रही, जिनसे दिव्यांगजन सहूलियत के साथ मतदान कर पाए। दिव्यांगों के लिए ट्राई साइकिल की व्यवस्था भी मतदान केन्द्रों पर रही। बूथों पर स्काउड-गाईड के स्वयं सेवक विद्यार्थी मतदान करने वाले मतदाताओं के सहयोग के लिए तत्पर रहे।

जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर गहरी निगरानी रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। चुनिंदा 453 बूथों पर वेबकॉस्टिंग के जरिए निगरानी रखी गई। इस कार्य के लिए विशेष रूप से पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए जो जिला व विधानसभा मुख्यालयों पर वेबकॉस्टिंग के माध्यम से 453 बूथों का जीवंत नजारा देखते हुए स्थितियों पर निगरानी रखते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी वेबकॉस्टिंग के जरिए बूथों की निगरानी की।

केशवरायपाटन विधानसभा क्षेत्र के पीपल्दा जागीर मतदान केन्द्र पर ग्रामीण महिलाओं ने भी उत्साह के साथ मतदान किया। महिलाएं गीत गाते हुए मतदान केन्द्र पर पहुंची और मतदान किया। साथ ही अन्य महिलाओं से भी मतदान करने की अपील की।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर महिलाओं उत्साह के साथ मतदान किया। मतदाताओं की सहयता के लिए सहायता केन्द्र भी बनाए गए थे, जहां पर बीएलओ, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने मतदाताओं का मतदान करने में सहयोग किया। जिले में हुए मतदान में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। इसी प्रकार बुजुर्ग मतदाओं ने भी मतदान में बढचढ कर भाग लिया। राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवां रोड के बूथ संख्या 58 पर 102 वर्षीय भंवरलाल शर्मा ने परिवारजन साथ पहुंचकर मतदान किया। इसी तरह 85 वर्षीय अहमद नूर ने नगर परिषद बूंदी के मतदान केन्द्र व जाखमुंड के एक बूथ पर 85 वर्षीय उदालाल ने मतदान किया।

**बारात जाने से पहले दूल्हे ने किया मतदान:-** बूंदी शहर के नगर परिषद के एक बूथ पर बारात रवाना होने से पहले दूल्हा बने कुलदीप कहार ने मतदान केन्द्र पर पहुंचा और मतदान कर लोकतंत्र में अपनी आस्था जताई। इस दौरान अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने भी बूथ पर आने वाले नव मतदाताओं अशिता जोशी, अक्षत जोशी, प्रीत सिंह, दर्शिल सोनी को मतदान के बाद प्रमाण पत्र प्रदान किए। पहली बार मतदान करने वाली नव मतदाता राजकुमार सखूजा, ममता, गार्गी, दिव्या, आशंका श्रृंगी, मुस्कान जैन, शुभ गुप्ता ने पहली बार अपने मत का उपयोग किया। मतदान के बाद पीठासीन अधिकारी ने दोनों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।

मतदान दिवस पर जिला इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी ने अलसुबह कागजी देवरा मतदान केंद्र पर बेटे बहू पूरे परिवार के साथ लोकतंत्र के महापर्व में साफा बांधकर उत्सवी उमंग में आए ओमप्रकाश वर्मा, बुजुर्ग, दिव्यांग व नव मतदाताओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। तिवारी ने जागरूकता का मोर्चा संभालते हुए लाउडस्पीकर, जनसंपर्क द्वारा कैंपस एंबेसडर रेंजर आरोही राठौर, अक्षरा गौतम, सिद्धि नामा स्काउट मास्टर गगनदीप सिंह व नीतीश चौबदार के साथ तालेडा में उमा हाड़ा व शोभा कंवर दल के समन्वय से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में हेला टोली के साथ मोर्चा संभाला।

# निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का अवलोकन किया

**रावतभाटा**, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का अवलोकन किया एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में मतदाताओं व मतदान कर्मियों से बातचीत कर मतदान संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान की गति बढाने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने शहर के शहीद मेजर नटवर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र का अवलोकन किया और मतदाताओं के लिए की गई विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने इसके पश्चात कीरखेडा मतदान केंद्र, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शहर में स्थापित मतदान केन्द्र, राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय गांधीनगर में स्थापित महिला मतदान केंद्र का भी अवलोकन किया और संबंधित बीएलओ को शेष रहे मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।


जिला निवाचन अधिकारी आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदान संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि जिले में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए माकूल व्यवस्थाएं की गई है। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। साथ ही, क मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर टीमों द्वारा मौके पर जाकर उनका तुरंत निस्तारण किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए माकूल बंदोबस्त किए गए। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। साथ ही, संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती भी की गई है।

सभी मतदान केंद्रों पर बूथ अवेरनेस ग्रुप, हेला दल द्वारा ढ्रोल-बाजे के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी मतदान केन्द्रों पर गठित दलों के द्वारा बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग के साथ ही गांवों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी सहयोग किया गया। मतदान केंद्रों पर शीतल जल की प्याऊ, बैठने के लिए कुर्सी, जाजम, छाया के लिए टेन्ट, कूलर आदि की व्यवस्था उपलब्ध रही। साथ ही, मतदान केंद्रों पर सेल्फी पॉइन्ट, मतदाता प्रमाण पत्र की व्यवस्था भी की गई। इस बार दिव्यांग बूथ, पिंक बूथ, यूथ बूथ विशेष रूप से बनाए गए। प्रारंभ में मतदान करने वाले मतदाताओं को उपहार, प्रमाण पत्र आदि भी प्रदान किए गए।

